卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐 卐 जय बाबा की 卐 卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा !! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा !! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 307 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦14 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## नही भुलाया जा सकता विभाजन विभीषिका का दंश: धामी

### विभाजन विभीषिका सेनानियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विभाजन विभीषिका का दंश देशवासी कभी नही भुला सकते,यह एक ऐसी त्रासदी थी जिसका दर्द आज भी देशवासी सह रहे है। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज काशीपुर रोड स्थित एक वेंकट हॉल में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के दौरान जनसमूह को सम्बोधित करते हुये कही। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान दिखाई गई विभाजन विभीषिका पर आधारित डाक्युमेंट्री को देखकर वह काफी विचलित हुये,विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों का उस समय क्या हाल रहा होगा,हजारों लोगों के शवों की शिनाख्त तक नही हो पाई। वहीं कई शवों को चील–कौवे खाते हुये दिखाई दिये। ऐसे सभी मृत लोगों की आत्माओं की शांति के लिये सामूहिक पाठ भी किये गये थे। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका के दौरान दर्द झेलने वाले ऐसे वीर सेनानियों और उनके परिजनों को सम्मानित करने का उन्हे अवसर मिला है। यह उनका सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि गुलामी की जंजीरों से बाहर आकर आज देशवासी स्वतंत्र है, लेकिन (शेष पृष्ठ सात पर)





### 700 से अधिक लोग सम्मानित

रूद्रपुर। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में 700 से अधिक लोगों को सम्मान प्राप्त हुआ। आज ही के दिन यानि 14 अगस्त को भारत माता के टुकड़े किये जाने के उपरांत पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर हिन्दू बंगाली समाज के लाखों लोगों ने अपने देश में शरणार्थी होने का एक बहुत बड़ा दर्द झेला था। इस दौरान विस्थापितों को विभिन्न प्रकार से कई कष्ट उठाने पड़े। जिसे कभी नही भुलाया जा सकता। विभीषिका का दंश झेलने वाले सेनानियों और उनके परिजनों के सम्मान में आयोजित हुये इस कार्यक्रम में 700 से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया।

### डॉक्यूमेंट्री देख भावुक हुए लोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में विभाजन का दर्द समेटे हुये एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। देश के बंटवारे और पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापन के दौरान जनता ने क्या दर्द झेला इसे बहुत ही करूणारूप में दर्शाया गया। डॉक्यूमेंट्री देखते–देखते उपस्थित लोगों की आंखें तक छलकने लग गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा डॉक्यूमेंट्री की तारीफ करते हुये कार्यक्रम को सफल बताया गया।

### हवन यज्ञ के साथ कार्यक्रम हुआ शुभारम्भ

रूद्रपुर । विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ के साथ हुई। काशीपुर रोड स्थित एक वैक्वेट हॉल में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम से पहले पण्डित विराट शर्मा द्वारा हवन यज्ञ सम्पन्न कराया, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा,प्रभारी मंत्री गणेश जोशी,विधायक शिव अरोरा,मेयर रामपाल, मण्डी समिति चेयरमैन केके दास,वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल सहित तमाम भाजपाईयों ने शामिल होकर आहुति डाली गई और शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुये प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की गई।

### आज शाम निकलेगा कैंडल मार्च

रूद्रपुर। विभाजन विभिषीका विदवस के उपलक्ष्य में आज उत्तरांचल पंजाबी महासभा की ओर से शहर में कैंडल मार्च निकालकर विभाजन विभीषका के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। जानकारी देते हुए उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ एवं प्रदेश प्रवक्ता आशीष छाबड़ा ने बताया कि विभाजन विभिषीका दिवस पर उत्तरांचल पंजाबी महासभा की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज शाम 6 बजे भगत सिंह चौक से पूरे शहर में कैंडल मार्च निकाला जायेगा। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कैंडल मार्च में पहुंचने की अपील की है।

### एसएसपी की अगुवाई में निकली तिरंगा यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दृष्टिगत सोमवार प्रातः पुलिस प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया



गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी द्वारा तिरंगा रैली का गांधी पार्क से झंडा दिखाकर शुभारंभ किया गया। तिरंगा यात्रा गांधी पार्क से प्रारंभ होकर, मेन मार्केट रुद्रपुर से भगत सिंह चौक होते हुए वापस गांधी पार्क में (शेष पृष्ठ सात पर)

## विद्युत करंट से युवक की मौत

### देर रात घर में हुआ हादसा, अस्पताल में नहीं मिला उपचार

काशीपुर(उद संवाददाता)। करंट की चपेट में आकर देर रात मजदूरी करने वाले एक युवक की हालत बेहद गंभीर हो गई। परिजनों द्वारा आनन–फानन में भुक्त भोगी को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां समुचित इलाज के अभाव में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। अकस्मात घटी घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक ग्राम धीमरखेड़ा का माजरा थाना आईटीआई निवासी पंकज कुमार 31 वर्षीय पुत्र जगरूप सिंह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। पता चला है कि बीती रात्रि लगभग 8 बजे स्विच में तार लगाते हुए अचानक वह करंट की चपेट में (शेष पृष्ठ सात पर)



### रेफर सेंटर बना सरकारी अस्पताल

काशीपुर। राजकीय चिकित्सालय में उपचार के लिए आने वाले गंभीर रोगियों एवं दुर्घटना में घायलों की होने वाली मौतों के लिए अब अस्पताल की व्यवस्था को पूरी तरह जिम्मेदार माना जा सकता है। काशीपुर के राजकीय चिकित्सालय में नेत्र रोग हड्डी रोग के चिकित्सकों का टोटा है। आरोप है कि इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ रोगियों तथा उनके दिमागदारों से दुर्व्यवहार करते हैं। अस्पताल में पूर्व की भांति दलालों की सक्रियता बरकरार है। यह (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बाईक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो



गया। सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंची। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से थाना सिरौली ग्राम अंजनी जिला बरेली और हाल भूरारानी अंबिका विहार निवासी 24 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार पुत्र स्व लाला राम घास मंडी स्थित टेंट हाउस में काम करता था। रविवार रात (शेष पृष्ठ सात पर)

### बाइक फिसलने से युवक की मृत्यु

शक्तिफार्म।। रुद्रपुर से घर लौट रहे बाइक सवार युवक की उत्तम नगर के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय आशीष मण्डल पुत्र स्व.सुरेश मण्डल मूल निवासी रामनगरा,उत्तर प्रदेश बचपन से ही अपने मामा के घर गुरुग्राम शक्तिफार्म न.2 में रहता था। पढ़ाई लिखाई के बाद वह टेलीकॉम कम्पनी में नौकरी कर रहा था। रविवार शाम वह अपने मित्र दीपकंकर मण्डल के साथ रुद्रपुर गया था। रात करीब 8 बजे से 9 बजे के बीच मोटरसाइकिल संख्या यूके 06बीडी 2966 से घर वापस लौटते समय उत्तम नगर के (शेष पृष्ठ सात पर)



## उत्तराखंड में पहली बार बनाया जाएगा ‘उपमुख्यमंत्री’?

### आगामी लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी खेल सकती है बड़ा दांव, उत्तराखंड में दोहराया जा सकता है महाराष्ट्र का किस्सा, कांग्रेस विधायक दल में हो सकती है बड़ी टूट

■ अर्श

रूद्रपुर। उत्तराखंड की सियासत सतही तौर पर इन दिनों झील के पानी की तरह शांत भले ही नजर आ रही हो, लेकिन इसके भीतर ही भीतर एक बड़े धमाके की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। सूत्रों की माने तो यह धमाका प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के विधायक दल में एक बड़ी टूट के रूप में सामने आ सकता है। खबर है कि कांग्रेस के एक कद्दावर विधायक एवं दो पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अंदरखाने इस मुहिम को मूर्त रूप देने की जी–तोड़ कोशिश कर रहे हैं और दल बदल कानून से बचने के लिए आवश्यक विधयकों की संख्या का जुगाड़ होते ही बगावत का ऐलान कर दिया जाएगा। राजधानी स्थित भाजपा सूत्रों के अनुसार पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने को तैयार बैठे विधायकों को किसी पद से उपकृत करने का कोई प्रत्यक्ष आश्वासन फिलहाल तो नहीं दिया है, लेकिन अगर यह टूट फलीभूत होने पाई तो अपने साथ अन्य विधायकों को तोड़कर लाने वाले, कद्दावर कांग्रेसी विधायक को उत्तराखंड का ‘पहला उपमुख्यमंत्री’ बनाया जा सकता है तथा उनके साथ दल बदल करने वाले विधायकों को हैसियत अनुसार राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों मे दर्जा राज्यमंत्री का पद देकर एडजस्ट किया जा सकता है। उत्तराखंड भाजपा के शीर्ष सूत्रों के अनुसार विपक्षी दलों के राष्ट्रीय स्तर पर लामबंद होकर ‘इंडिया’ गठबंधन बनाने के बाद ,भाजपा ने विगत आम चुनाव में जीती गई सभी लोकसभा सीटों का आंतरिक फीडबैक प्राप्त किया है। इस फीडबैक में उत्तराखंड के कुछ सांसदों का रिपोर्ट कार्ड उत्साहजनक नहीं है। सांसदों के खराब रिपोर्ट कार्ड के मद्देनजर भाजपा (शेष पृष्ठ सात पर)




## पांच लाख व कार न देने पर विवाहिता को किया बेघर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दहेजलोभियों ने पांच लाख रूपये नगद तथा कार की दहेज मांग का पूरी न करने पर विवाहिता को उसके पुत्र सहित घर से निकाल दिया। पीड़िता ने ससुरालियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह गुड्डू पुत्र लतीफ अहमद निवासी ग्राम कनकपुर थाना खजुरिया जिला रामपुर के साथ हुआ था। विवाह में परिजनों ने सामर्थ्य के अनुसार सामान व 2 लाख रूपये नगद दिये। विवाह बाद उसके दो पुत्र मौहम्मद फैज एवं मौहम्मद फैजान पैदा हुए। विवाह में मिले दान दहेज व नगदी से पति गुड्डू, ससुर लतीफ अहमद, सास नसरीन, जेठ अतीक अहमद, जेठानी सहाना, देवर दानिश, रेहान व ननद फूल बी कम दहेज का ताना देकर उसे मायके से दहेज में 5 लाख रूपये नगद व एक कार लाने की मांग को लेकर मारपीट कर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर जिन्दा जला देने की धमकी देते रहे। 31 मार्च 2021 को उसके साथ मारपीट की गयी और 7 माह की गर्भावस्था में घर से निकाल दिया। वह अपने मायके रूद्रपुर पहुँची। पुत्र मोहम्मद फैज मायके में पैदा हुआ। जिसका खर्चा मायके वालों ने उठाया । 15 दिन बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

# किच्छा में मैराथन में दौड़े सैकड़ों लोग

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आजादी की पूर्व दिवस पर हिंद डिफेंस एकेडमी के तत्वाधान में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव सक्सेना द्वारा नगर में महिलाओं व पुरुषों की मैराथन दौड़ का आयोजन कराया गया। इसके अलावा थाना कोतवाली पुलिस ने भी आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में नगर में रैली निकालकर लोगों के अंदर देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया। कोतवाली में पुलिस रैली का कोतवाल धीरेंद्र कुमार द्वारा झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। हिंद डिफेंस अकैडमी के बैनर तले की गई मैराथन दौड़ का शुभारम्भ भाजपा नेता राजीव सक्सेना द्वारा तिरंगा झंडा दिखाकर किया गया। रैली शुगर फैक्ट्री गेट से शुरू हुई जो आदित्य चौक होते





हुए बरेली रोड बायपास काली मंदिर से लेकर पुन: शुगर फैक्ट्री गेट पर समाप्त हुई। महिला महिला वर्ग में रेनू सिंह अमरोहा विनीता बरेली प्रतीक्षा बरेली क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे पुरुष वर्ग में जो कि 7 किलोमीटर की मैराथन थी इसमें महेंद्र बरेली निवासी, मोहम्मद आमिर बरेली निवासी और पुनीत बरेली निवासी प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव सक्सेना द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राजीव सक्सेना ने कहा कि बच्चों में खेल के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह मैराथन दौड़ आयोजित की गई जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया तथा अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राहुल थापा, रंजीत सिंह बाजवा, मोहम्मद अरमान, हिंद डिफेंस अकैडमी कोच राजेंद्र उर्फ विक्की, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष किशोर कुमार, विश्व हिंदू परिषद महामंत्री मनीष यादव, अजय सागर, जगराज सिंह ,पवन ,संजय दत्त शर्मा, अमित राठौर, आदि लोग उपस्थिति थे।

## क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य दिवस मे जनपद स्तरीय अंडर 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका तथा ओपन बालक व प्रतियोगिता का संचालन सहायक प्रशिक्षक रघुवीर सिंह विर्क व श्रीमती ममता बोहरा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 16 बालक वर्ग द्वितीय तथा मिली तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि उप निदेशक खेल उत्तराखंड सुरेश चंद्र पाण्डे द्वारा किया



बालिका क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम आज प्रात: किया गया। प्रतियोगिता का उद्घघाटन मुख्य अतिथि ङा० नागेंद्र शर्मा क्रीड़ाधिकारी कुमायू विश्व विघालय नैनीताल द्वारा किया गया। में पुष्कर चंद्र प्रथम, गजन द्वितीय व पवन तृतीय रहे। बालिका वर्ग में मुस्कान प्रथम, दीपिका द्वितीय व दिशा तृतीय रही। ओपन बालक वर्ग में सोलित प्रथम, धीरज द्वितीय व प्रणव तृतीय रहे जबकि बालिका वर्ग में आजरा प्रथम, रिमझिम गया। इस अवसर पर धीरज जोशी, मोहित, सुरेश बिष्ट, कैलाश सिंह, अनिल कुमार, सुधा जोशी, सतनाम बाला आदि उपस्थित रहे। अंत मे गिरीश कुमार, जिला कीड़ा अधिकारी द्वारा खेल प्रेमी व समस्त जनता का आभार व्यक्त किया गया।

## शारदीय दुर्गा पूजा कमेटी का गठन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर के टैगोर नगर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार शाम को एक सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे शारदीय दुर्गा पूजा के उपसचिव- शशि दास,कोपाध्यक्ष- विश्वजीत हालदार, अडिटर - नारायण विश्वास, कृष्ण दास, सव्यसाची हालदार, संरक्षक- सुनील विश्वास ,राम मित्र, चन्द्रकान्त दास, सचिन ने अपने सम्बोधन में कहा की मै पूर्ण निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करूंगा।और कमेटी का प्रयास रहेगा की पूजा और मेला को और भी भव्य रूप दिया जाये। इस मौके सुवीर



सफल आयोजन हेतु सर्वसम्मिति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष-किशोर राय,उपाध्यक्ष- आशु दास ,सचिव- सुबल विश्वास, मण्डल,बाबू लाल ,सुनील सरकार,रवि मजुमदार, बाबू दास, रिपू सुदन ,संजय बढ़ई, असीम हीरा को जिम्मेदारी सौपी गयी। नव मनोनीत अध्यक्ष किशोर राय सरकार, सुजीत विश्वास, संजय मंडल, बाबू राम हालदार, अशोक, मण्डल, शंकर घोष. परितोष, सुभम दास, अजीत हालदार, सुमित आदि मौजुद थे।

## मैराथन में दौड़े युवा ,नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म यूथ क्लब की ओर से 5 किलोमीटर मैराथन प्रतियोगिता कराई गई ,जिसमें काफी दूर-दूर से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया । जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपना दम दिखाया। मैराथन को नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सुनील विश्वास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । मैराथन राजकीय इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर राजकीय इंटर कॉलेज रुदपुर पहुंची । इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य जोशी जी ने समस्त सफल छात्राओं को ट्राफी मेडल तथा नगद पुरस्कार प्रदान किया। प्रतियोगिता में रामबाबू ,प्रथम प्रियांशु द्वितीय और करन सरदार तृतीय रहे तथा बाकी 10 प्रतिभागियों को टॉप 10 पुरुस्कार से सम्मानित किया गया । प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु विशेष सहयोग ओम शांति हरि डिजिटल फोटो स्टूडियो के स्वामी शिवम विश्वनाथ ढाली का रहा है,हमारी संस्था आगे ऐसे प्रतियोगिता कराती रहेगी।इस मौके पर राजीव यादव ,जुबेल ढाली ,चंदन मंडल, राहुल मंडल



।संचालक समिति के राजीव यादव ने कहा की युवाओं को नशे से दूर रहने के आह्वान के साथ एक नयी पहल की ,प्रदीप बढई करण जाटव, सौरभ साना, केशव मंडल ,योगेश पोद्दार ,राज कुमार मंडल ,अभिषेक आदि सदस्य मौजूद रहे ।

## भगवान के दर्शन और भजन से सफल होता है मानव जीवन

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 13वें दिन कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि ईश्वर कहते हैं कि अंत काल में जो मेरा स्मरण करता हुआ देह त्यागता करता है वह मुझे पाता है। अंत काल का अर्थ जीवन का नहीं परंतु प्रत्येक क्षण अंतकाल, सो प्रत्येक क्षण ईश्वर का चिंतन,ध्यान व स्मरण करना चाहिए, प्रत्येक क्षण को सुधरोगे तो मृत्यु भी सुधरेगी। भगवान के दर्शन करने से भजन करने से मानव जीवन सफल होता है। प्रसाद की सेवा चिराग मुरादिया एवं सुरेश सक्सेना के परिवार द्वारा की गयी।





# ऑक्सफोर्ड अकादमी में विद्यार्थी परिषद का शपथ समारोह संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।द ऑक्सफोर्ड अकादमी में विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थी परिषद के 38 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। विद्यार्थियों को वर्ष 2023-24 के लिए जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री के एस नेगी जी ने विद्यालय की प्रबंध समिति की सदस्य श्रीमती प्रीति पपनेजा मेम का स्वागत करते हुए उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्जवलन के साथ सम्पन्न हुआ। छात्राओं द्वारा स्वागत-गान की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छात्राओं की आकर्षक नृत्य प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। विद्यालय के नवनियुक्त पदाधिकारी शानदार कदमताल करते हुए कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए। छात्र दिव्यांश सिंह को विद्यालय का हेड ब्वॉय व छात्रा अपराजिता सरकार को विद्यालय की हेड गर्ल नियुक्त किया गया। विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी स्वच्छता प्रभारी का पद ख्याति यादव को , साहित्यिक प्रभारी का पद सान्या पाशा व अनुशासन प्रभारी का पद छात्रा प्रियंका विष्ट व क्रियात्मक प्रभारी का कोशिक , अनुराग भोजवाल, यशप्रीत, अनुष्का, डिंपल मिरोला , नौमान अली ,पूजा गौस्वामी, अता नूरी, सेजल गंगवार, खुशबू यादव, अल्तमश प्रताप सिंह को चुनकर विद्यालय के चारों सदनों जवाहर,पटेल , सुभाष व तिलक का पदाधिकारी बनाया गया। डिप्टी हेड ब्वॉय यश यादव व डिप्टी हेड






का पद मानसी रावत को सौंपा गया। इंग्लिश स्पीकिंग इंचार्ज काजल रानी को बनाया गया। इसी क्रम में विद्यालय के खेल प्रभारी का पद छात्र जगमीत को , पद शाहीन बी को सौंपा गया। इसी के साथ विद्यालय के चारों सदनों के पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर उनके पद उन्हें प्रदान किए गए। इस क्रम में मनु मलिक, बिलाल मलिक, खुशी लोहिया, प्राचि, आयेशा, स्वाति पांडे, अंशु , अनुश्री डे , शिवानी कुमारी , कनक शर्मा ,अरबिंद सक्सैना, अंशिका व अंश निर्मलजीत कौर को बनाया गया। प्रधानाचार्य ने व प्रीति मैम ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बैज व सैशे पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन में प्रीति मैम ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह पद शक्ति का नहीं जिम्मेदारी का द्योतक है,अत: नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि इस जिम्मेदारी का निर्वाह वे सभी कुशलतापूर्वक करेंगें। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान नेगी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उनके नव उत्तादायित्व के लिए शुभकामनाएँ दीं व मुख्य अतिथि को उनका अमूल्य समय देने हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक व प्रबंध समिति के सदस्य रोहिताश बत्रा , विकास बत्रा, वैभव बत्रा, अमित जिंदल, के के नारंग, अंकुर पपनेजा, जुगल बांबा व जतिन बाधवा ने विद्यालय के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पूर्व विधायक शुक्ला ने विधायक बेहड़ को बताया धृतराष्ट्र!

## प्रेस वार्ता में बोले: पुत्र मोह में भाजपा की चौखट लगा रहे चक्कर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पुत्र मोह से ग्रस्त धृतराष्ट्र को जिस प्रकार कुछ भी दिखाई या सुनाई नहीं दे रहा था, इसी प्रकार क्षेत्र के विधायक तिलकराज बेहड़ पुत्र को स्थापित करने के मोह में कभी भाजपा के दरवाजे तो कभी कांग्रेस हाईकमान को ब्लैकमेल करने वाली भाषा बोल रहे है। अपने रुद्रपुर आवास पर प्रेस को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि बेहड़ ने हल्द्वानी में कहा कि वह अपनी पार्टी में पीछे खड़े हैं यदि उन्हें पूछा जाएगा, बुलाया जाएगा तो आगे आएंगे फिलहाल पार्टी ने उन्हें किच्छा तक सीमित कर रखा है। शुक्ला ने कहा कि एक ओर से बेहड़ प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हैं दूसरी ओर वे कहते हैं कि उन्हें पूछा नहीं जा रहा है? उन्हें इस बात का आत्म अवलोकन करना चाहिए कि आखिर पार्टी में उनकी दुर्गति क्यों हो रही है, क्यों उन्हें रुद्रपुर के नगर अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ा और क्यों उनके विरोध के बावजूद भी अध्यक्ष नहीं हटाया गया। शुक्ला ने कहा कि अपने पुत्र को राजनीति में स्थापित करने के लिए कई महीनों से भाजपा के दरवाजे पर माथा पटक रहे हैं। कई बार अपने समर्थकों से भी भाजपा में जाने की बात कह चुके हैं, लेकिन भाजपा उन्हें लेने के लिए तैयार नहीं हैं और यह बात जब कांग्रेस हाईकमान तक पहुंची तो वे वहां भी संदिग्ध हो गए हैं। इसलिए वे कांग्रेस में हाशिए पर हैं जिसका वे खुद ही बयान कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस को कोसने से पहले उन्हें विचार करना चाहिए कि दूसरे क्षेत्र से दो बार हार जाने के बाद भी कांग्रेस पार्टी ने किच्छा में अपने संघर्षशील युवा कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर उन्हें मौका दिया और आज वे विधायक बनने के बाद पार्टी को कोस कर भाजपा में घुसकर अपने पुत्र का भविष्य सुरक्षित करने के काम में लग गए हैं। शुक्ला ने कहा कि अभी हल्द्वानी में उन्होंने बयान दिया कि शुक्ला अजय भट्ट का टिकट काटे,



कमाल की बात है कि इतने लंबे समय से विधानसभा, मंत्रिमंडल एवं तमाम पदों पर रहकर उन्हें यह भी नहीं मालूम कि टिकट कौन काटता है और कौन देता है। शुक्ला ने कहा कि बेहड़ भाजपा की चिंता छोड़ अपनी पार्टी की चिंता करें। उन्होंने कहा कि किच्छा में विकास का फोकस गड़बड़ा गया है चुनाव को हुए डेढ़ वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने पर भी विधायक कोई बड़ी या नई उपलब्धि हासिल नहीं कर पाए हैं जो राजकीय आदर्शमहाविद्यालय भारत सरकार के सहयोग से उन्होंने किच्छा में स्थापित कराया था उसका नाम रखने की मांग करने देहरादून गए। बेहड़ को यह याद नहीं रहा कि उसमें परास्नातक की कक्षाएं शुरू कराने की मांग उन्हें उच्च शिक्षा मंत्री से करनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि जो योजनाएं उनके विधायक रहते है शुरू हुई थी उन्हीं का निरीक्षण करने व बयान देने के अलावा बेहड़ कोई नई बात या सौगात किच्छा के लिए नहीं ला पाए। हाल ही में उनका बयान की नहर कवरिंग के लिए मुख्यमंत्री से मिले। वह घोषणा में शामिल कराने की बात हास्यपद है क्योंकि उक्त नहर की कावरिंग किच्छा -हल्द्वानी बाईपास से सिरौलीकला दोपहरिया के बीच एनएच क्रॉसिंग तक मुख्यमंत्री घोषणा में सन 2019-20 में पहले से ही शामिल है तथा सवा किलोमीटर सड़क निर्माण एवं विद्युत पोल एवं पानी की पाइप लाइन की शिफ्टिंग का काम फर्स्ट फेज में जारी होकर काम शुरू हो गया था। शेष काम भी मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल है। पूर्व विधायक ने कहा कि गत वर्ष की विधायक निधि का 50 लाख बाकी है तथा इस वर्ष की विधायक निधि का एक पैसा भी अभी तक खर्च नहीं कर पाए हैं तथा जब विकास के मुद्दे पर उनसे सवाल पूछे जाते हैं तो वे कहते हैं कि उनका स्वास्थ्य खराब है। शुक्ला ने कहा कि अभी हाल ही में वे अपनी विधानसभा के कार्यों का निरीक्षण का फोटो फेसबुक पर डाल रहे थे उसमें उन्होंने जेल के निर्माण का निरीक्षण भी दिखा दिया जबकि उक्त जेल सितारगंज विधानसभा में बन रही है जो किच्छा तहसील का ही हिस्सा है। उन्हें विधानसभा क्षेत्र की सीमा कहां तक है इसका भी ज्ञान नहीं हैं, उनका किच्छा से कई लगाव नहीं रहा।

## आम आदमी पार्टी ने लगाया रक्तदान शिविर



दिनेशपुर/गदरपुर(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी के नेतृत्व में विद्यासागर पूर्व माध्यमिक विद्यालय दिनेशपुर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से लगभग तीन दर्जन यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। सुभाष व्यापारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को प्रात: 10 बजे से विद्यासागर पूर्व माध्यमिक विद्यालय दिनेशपुर में रक्तदान शिविर लगाया गया यहां पर लगभग 3 दर्जन लोगों ने आकर रक्तदान किया उन्होंने कहा कि इस सहयोग में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम का पूरा योगदान रहा उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान होता है धीरे-धीरे लोग इसका महत्व समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है सुभाष व्यापारी ने कहा कि आपके रक्तदान करने से और आपकी वजह से किसी की जिंदगी बचती है तो आपको जो संतुष्टि का एहसास होगा उसे शब्दों में बयां करना मुमकिन नहीं है! इस दौरान डॉक्टर सोनू विश्वास, विकास सरकार, महानंद राय, राकेश कुमार, रवि सरकार, मनोज राय, दीपांकर मंडल, नरेश मंडल, प्रभाकर दुबे, डॉ नितिन विश्वास, डॉक्टर सुधीर, डॉक्टर खुराना आदि लोग मौजूद रहे।

## अजय भट्ट ने किया ढेला पुल का निरीक्षण

काशीपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने काशीपुर में एनएच 74 पर बने ढेला पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रविवार को काशीपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने काशीपुर के पास एनएच 74 पर बने ढेला पुल का स्थलीय निरीक्षण किया बीते दिनों भारी बरसात के कारण इस पुल का एक हिस्सा अचानक गिर गया था। श्री भट्ट ने मौके पर निरीक्षण करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समय-समय पर पुलों के रखरखाव की देखरेख की व्यवस्था करने को निर्देश दिए। श्री भट्ट ने कहा कि सरकार और अधिकारी पूरी तत्परता से कार्य में जुटे हैं जल्द मार्ग को ठीक कर दिया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं पार्टी के कार्यकर्ता और प्रशासनिक व संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



# ARCHIDPLY DECOR LIMITED

Registered Office: Plot no. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estate, SIDCUL, Pant Nagar, Rudrapur, Udham Singh Nagar – 263153, Uttarakhand, Tel: 05944 250 270 Fax No.05944 250269, E-mail:bangalore@archidply.com. Website: www.archidplydecor.com CIN: L20231UR2017PLC008626

**EXTRACT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30.06.2023**

(Rs. In Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended 30.06.2023 | Quarter Ended 31.03.2023 | Quarter Ended 30.06.2022 | Year Ended 31.03.2023 |
|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Audited | Unaudited | Audited |
| Total Income | 782.49 | 1,744.29 | 1,032.97 | 5,164.77 |
| Net Profit( Before tax, Exceptional items) | (59.75) | 23.73 | 34.34 | 109.99 |
| Net Profit (Before tax and after Exceptional items) | (59.75) | 23.73 | 34.34 | 109.99 |
| Net Profit for the period after tax (after exceptional items) | (46.07) | 12.22 | 24.47 | 73.01 |
| Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(loss) for the period (after tax) | (45.64) | 6.17 | 27.46 | 75.93 |
| Paid-up equity share capital (Face value Rs. 10 per share) | 556.63 | 556.63 | 556.63 | 556.63 |
| other Equity | | | | |
| Basic & Diluted Earnings Per Share (EPS) | | | | |
| not annualised | - 0.83 | 0.22 | 0.44 | 1.31 |

**Notes: 1.** The above unaudited Financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its meetings held on 14th August, 2023.The Statutory Auditor has issued an unqualified Auditor's report thereon. **2.** This unaudited Financial Results have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Sec 133 of Companies Act,2013 and other recognised accounting practises and policies to the extent applicable. **3.** Figures for the previous periods have been regrouped and reclassified to confirm to the classification of the current period, wherever necessary. **4.** There are no exceptional / extraordinary items during the quarter ended 30th June, 2023. **5.**The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges and Regulation 33 of the SEBI ( Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Annual Financial Results are available on the stock exchanges **websites - www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company's website :** **www.archidplydecor.com**

for **Archidply Decor Ltd.,**
**Shyam Daga**
Managing Director
DIN:00561803

Date : August 14, 2023
Place : Bengaluru

## जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक बेहड़ ने सुनी लोगों की समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)।जनता संवाद में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और विधायक तिलक राज बेहड़ ने जन समस्याएं सुनी और उनके तत्काल निदान का आश्वासन दिया। विधायक बेहड आवास विकास अपने कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जनता संवाद के माध्यम से जनसंवाद किया। वहां तमाम लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान वार्ड न० 01 मल्ली देवरिया के निवासी राजेन्द्र चौधरी ,सकित तिवारी ,विवेक ,शंकर सिंह ,त्रिभुवन ,आदि ने 100 मीटर सड़क निर्माण की मांग की ,वार्ड न० 15 से किशन स्वरूप ,प्रेम कुमार ,राम प्रकाश, राजू सिंह ,विपिन शर्मा, मोहित, अंशु,मुन्ना लाल,दिनेश रस्तोगी,राज किशोर ने 100 मीटर सड़क का निर्माण कराय जाने की मांग की , ग्राम छिनकी से मो० तारिक ,अफजाल ,इकरार, आमिल आदि लोगों ने 100 मीटर सड़क के निर्माण हेतु,सौनेरा वार्ड न०-02 से जयवीर ,डोरीलाल ,कुसुम ,गीतू ,देवकी, लक्ष्मी,रौशनी, गुडिया ने सड़क निर्माण कराये जाने तथा रिंकू यादव झा कालोनी ने प्रमाण पत्र ,दीपा शाही,कुसुम मल्ली देवारिया निवासीयों ने राशन कार्ड की समस्या से अवगत कराया इसके आलावा बिजली, पानी,और आर्थिक मदद से सम्बंधित समस्याओं को लेकर क्षेत्रवासियों ने विधायक बेहड़ जी को अवगत कराया विधायक बेहड़ ने सभी समस्याओं को बड़ी गंभीरता से सुना व अधिकाँश समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियो को निर्देशित किया। विधायक तिलक राज बेहड़ ने जनता संवाद में आये सभी क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया को भरोसा दिलाया की भले हि राज्य में उनकी सरकार न हो फिर भी वे जनता के हित के लिए वे निरंतरत प्रयासरत है की आम जनता की सारी समस्याए दूर की जा सके । इससे पूर्व बेहड़ ने किच्छा शमशान भूमि पहुचकर कांग्रेसी नेता श्री नितिन शर्मा जी की माता जी आकस्मिक देहांत होने पर उनकी अन्तेष्टि में शामिल हुए तथा साथ ही आवास विकास निवासी राजवीर शर्मा की धर्मपत्नी के देहांत होने पर परिवारजनों ए भेंट की व सांत्वना दी , तथा तत्पश्चात किच्छा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री बंटी पपनेजा जी के ताऊ जी श्री रोशन लाल पपनेजा जी की रस्म पगड़ी की अरदास में शामिल हुए व परिवारजनों से मुलाकात की।










STONE RIDGE INTERNATIONAL SCHOOL
A SENIOR SECONDARY SCHOOL AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
Affiliation No.- 3530582
Freedom in our mind, faith in our words, pride in our souls. Let us salute our nation!
15th AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
From SRIS Family!
A School of Sacred Hearts...



Address: Near Kaushalya Enclave Phase -II, Fulsunga -Bigwara Road, Rudrapur (U.S. Nagar) Uttarakhand
Phone: 78307-77222 / 74558-26106 Facebook page: stoneridgeinternationalschool.com

R.A.N. PUBLIC SCHOOL, BILASPUR
WE WISH ALL CITIZENS A VERY HAPPY INDEPENDENCE DAY
HAPPY 76 YEARS OF INDEPENDENCE 15 AUGUST
With Warm Regards: Wing Commander H.K. Rai
Chairman, R.A.N. PUBLIC SCHOOL

HAPPY INDEPENDENCE DAY
15 TH AUGUST 2023



LITTLE KINGDOM PREPARATORY SCHOOL
Play Group to Class V
13-A, Kalyani View, Behind Prem Singh & Sons Petrol Pump, Rudrapur
05944 - 244544, 7017052121, 8755342202
Email:- littlekingdompreparatoryschool@gmail.com
WEBSITE :- lkpschool.com

Happy Independence Day
GREEN WORLD PUBLIC SCHOOL
Rudrapur, U.S.Nagar, Mob.9675533111
Bhupendra Singh, Manager

Chhavi Shyam (Principal) 8077610564
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
Shyam Arora (M.D.) 9084224552
KIDS KARE PUBLIC SCHOOL
Behind Shiv Dharam Kanta, Near Model Colony, Kashipur Road, Rudrapur (U.S.Nagar)

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
गुरुकुल इण्टर कालेज
आजाद नगर, वार्ड नं.4 ट्रांजिट कैम्प रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ब्रिलिएंट एकेडमी
परिमल राय प्रबंधक
आजाद नगर, ट्रांजिट कैंप, रूद्रपुर
बुलबुल राय प्रबंधक

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
E.L.P.S
(EXCELSIOT L'AVENIR PREPARATORY & PUBLIC SCHOOL)
An English Medium Co-educational Establishment
अध्यक्ष- जीतेन्द्र सिंह जाठौल उपाध्यक्ष- अरूनदीप जाठौल
प्रधानाचार्या- सिन्दरवीर जाठौल अध्यापकगण व समस्त विद्यालय परिवार
308, Avas Vikas Colony, Opp. Gurudwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Ph.: 05944-242004 Mob.: 8755236638

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉयनेमिक नेशनल एकेडमी जूनियर हाईस्कूल
(अंग्रेजी माध्यम)
भीम देव जायसवाल प्रबन्धक
• प्रशिक्षित टीचर्स • एयर कूल कक्षाऐं • प्ले रूम
निकट डाकघर ट्रांजिट कैम्प, रुद्रपुर फोन 05944-245455 मो. 8755556210

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
Naveen Shiksha Niketan Junior High School
Mukesh Chandra (Administrator) 95366-24000 80777-80271
Bhadaipura Ward No. 4, Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
जन्म भूमि इन्टर कॉलेज
सुमित राय प्रबन्धक
ट्रॉजिट कैम्प, रूद्रपुर मो. 8630999299

HAPPY INDEPENDENCE DAY
WISDOM PUBLIC SCHOOL
Mr Gopal Singh Patwal (MANIGING DIRECTOR) 9412986263
From-Board fo Management & All Staffs Member's of Wisdom Public School Family.
Gangapur Road, Rudrapur, 263153, (U.S.Nagar) UK

K.P. Singh
समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
Usha Singh B.Ed, M.A. English Principal
UK CONVENT INTER COLLEGE
Based on English Medium & CCE Pattern
Pre-Nursery To 10th Class
Factry Road, Preet Vihar, Rudrapur, (U.S.Nagar) Uttarakhand
Contact No.: 9084742500, 9084742600, 7500740630

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
TENDER SOULS' PUBLIC SCHOOL
Ring Road, Awas Vikas, Rudrapur (U.S.Nagar)
We Salute Our Great Warriors On The Very Day For Their Unforgettable & Brave Valour For The Country
Harish Kataria (Administrator)
05944-359453, 97564-97970

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
MOM'S PRIDE SCHOOL
Education for life
Dinesh Deepak (Director): +91 88950-77999, 05944-358090
Near Daksh Enclave, Gangapur Road, Rudrapur (U.S.Nagar)

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
PRAKHAR-PRAGYA PUBLIC SCHOOL
Pre To Class 5 English Medium
Our Motto : Moral Oriented Excellent Education.
Singh Colony, Gali No. 3, Rudrapur Mob.: 8449949983

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
KRISHNA INTER COLLEGE
(TAGOR JUNIOR HIGH SCHOOL)
Lalit Mohan Kaushik (Director): +91 90452-02229
Indra Colony, Gali No. 1, Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand














## घनश्याम गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की जिला इकाई की आयोजित हुई एक शोक सभा में गल्ला विक्रेता संघ के सरपरस्थ घनश्याम गुप्ता के आकस्मिक निधन पर बांगा कार्यालय में आयोजित शोक सभा में सभी राशन डिपो स्वामियों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट किया और ईश्वर से प्रार्थना की कि उनकी परम आत्मा को शान्ति प्रदान करे एवं परिवार को दु:ख सहने की शक्ति दे। शोक सभा में जिला अध्यक्ष राजेन्द्र बांगा, नगर अध्यक्ष मदन खन्ना, कोषाध्यक्ष रवि खुराना, रवि आर्य, सलीम अहमद, सतीश चन्द, अमित बांगा, अशोक बत्रा , डाल चन्द, गोरख प्रसाद, नरेश सागर, राजेन्द्र पण्डित जी, अमित सैनी, सुरेन्द्र कुमार एवं सभी विक्रेता उपस्थित थे।

# भाजपा की तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

## केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा सहित सैकड़ों पदाधिकारी हुए शामिल







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भाजपा द्वारा गत सायं यहां ट्रांजिट कैम्प में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा सहित पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारियों के हाथ में तिरंगा झंडा लिए हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा। तिरंगा यात्रा ट्रांजिट कैम्प में फुटबाल मैदान से हल्की बूंदाबांदी के बीच प्रारम्भ हुई। जिसे केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने झंडा दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा ट्रांजिट कैम्प से प्रारम्भ होकर झील मोड़, किच्छा बाईपास रोड, डीडी चौक, अग्रसेन चौक, बाटा चौक से होकर गुजरते हुए भगत सिंह चौक पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का मार्ग में अनेक स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि आजादी के 76 वर्ष बाद भी देश के हर नागरिक में देशभक्ति का जोश दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाकर राष्ट्रीय पर्व मनायेंगे। इसकी शुरूआत पिछले वर्ष तिरंगा यात्रा से रूद्रपुर से की गई थी। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में हजारों वीरों ने अपने प्राणों की कुर्बानियां दी। भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, चन्द्रशेखर आजाद, वीर सावरकर सहित हजारों वीर हंसते हंसते शहीद हो गये। आज ऐसे वीरों के बलिदान को याद करने का दिन है। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि आज युवाओं में दिख रहा यह जोश उनके देश के प्रति समर्पणता को दर्शा रहा है। तिरंगा यात्रा में धोती कुर्ता पहने व हाथ में तिरंगा झंडा थामे आकर्षण का केन्द्र बने युवा नेता सुशील गाबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर देशवासियों में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा युवा साथी स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान करने वाले नायकों से प्रेरणा लेकर खुद को राष्ट्र के प्रति समर्पित करें। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि देश को आजाद कराने वाले हर सेनानी को आज देशवासी नमन कर रहे हैं। तिरंगा यात्रा में कई आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की गई थीं। सभी लोग भारत माता के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान कर रहे थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, अमित नारंग, मयंक कक्कड़, प्रीत ग्रोवर, कैलाश राठौर, डीके गंगवार, धीरेश गुप्ता, सोनू वर्मा, वेद ठुकराल, सुनील यादव, बिट्टू चौहान, श्वेता मिश्रा, उत्तम दत्ता, शिव कुमार गंगवार, मदन दिवाकर, विधान, राजेश जग्गा, सचिन पाठक, राजीव गुप्ता, राकेश लोधी, मानस जायसवाल, मनोज मदान, उपेन्द्र चौधरी, शालिनी बोरा, फरजाना बेगम सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।







## हर घर में शान से लहरायेगा तिरंगा:गावा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बीती शाम निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता सुशील गाबा अपने तमाम समर्थकों के साथ पहुंचे। तिरंगा यात्रा में सुशील गावा धोती कुर्ता पहने हुए अलग लुक में नजर आये और पूरे रास्ते पैदल पैदल चले। इस दौरान सुशील गावा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से हर घर तिरंगा हर दिल तिरंगा अभियान में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि इस आजादी के लिए लाखों देशभक्तों ने कुर्बानियां दी हैं। तभी आज हम आजाद देश में सांसे ले रहें हैं. देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र होगा। श्री गाबा ने युवाओं और महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवसपर हर घर तिरंगा, हर मन तिरंगा होना चाहिए।



## भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

गदरपुर(उद संवाददाता)। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकालते हुए नगरवासियों को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम के साथ मनाने के लिए जागरुक किया गया। रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष मुनि भुसरी के नेतृत्व में काफी संख्या में कार्यकर्ता राजकीय इण्टर कालेज में एकत्र हुए। यहां से कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर नगर में यात्रा निकाली गयी। इस दौरान दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय गीतों के साथ लोगों को राष्ट्रीय पर्व पर घर-घर तिरंगा लगाने के लिए जागरुक किया गया। तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य बाजार से होते हुए श्रीकृष्णा पंप पर समाप्त हुई। इस मौके पर कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, राजेश गुम्बर मिन्नी,अनिल जेटली, रविन्द्र कम्बोज, सुलेमान, अमित सेतिया, हरीश, समन मुंजाल, जसवीर सिंह चीमा, पंकज सेतिया, गुलशन शर्मा, निर्मल नारंग, संदीप बत्रा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

